**बाल भारती पब्लिक स्कूल पीतमपुरा नई दिल्ली ११००३४**

**कक्षा - सातवीं**
**विषय - हिंदी**

**वर्ण विच्छेद**

**खंड - क**

**निर्देश** -

- निम्नलिखित नियमों को पढ़ने के बाद दिए गए अभ्यास कार्य करें ।
- लिखित कार्य अपनी नोटबुक में करें । नोटबुक की जांच स्कूल खुलने के बाद की जाएगी ।
- नियम समझने के लिए नीचे दिए गए लिंक को देखें
https://www.youtube.com/watch?v=5nE4W4RBYr8&feature=youtu.be

**शब्द में आई ध्वनियों से स्वर और व्यंजन को अलग -अलग करना ही वर्ण विच्छेद है |**
**वर्ण विच्छेद के कुछ उदाहरण निम्नलिखित है -**

क्+ अ =क

क् + आ= का

क् + इ = कि

क् + ई = की

क् + उ = कु

क् +ऊ = कू

क् + ए = के

क् + ऐ = कै

क्+ ओ = को

क् + औ = कौ

क् + ऋ = कृ

क् + अं = अं

**अन्य व्यंजनों में भी इसी तरह से स्वर जोड़े जाते हैं । जैसे -**

ख् +ऊ = खू

ज् + ई = जी

म् + ए = मे

त् + औ = तौ

द + उ = दु

**संयुक्ताक्षरों का विग्रह**

क्ष = क् + ष् + अ

त्र = त् + र् + अ

ज्ञ = ज् + ञ् + अ

श्र = श् + र् +अ

**ध्यान से इन वर्णों और शब्दों का विग्रह देखो**

प्र = प् +र् +अ

मं = म् +अं

सर्दी = स्+ अ +र् + द् + ई

क्षत्रिय = क् + ष् +अ +त् +र् + इ + य् + अ

विज्ञान = व् +इ + ज् + ञ् + आ + न् + अ

कृष्ण = क् + ऋ + ष् + ण् + अ

विद्यालय = व् + इ + द् + य् + आ + ल् + अ + य् + अ

उन्नति = उ + न् + न् +अ + त् + इ

**अनुस्वार वाले शब्दों का वर्ण विच्छेद -**

१. गंगा = ग् +अ +ङ् +ग्+आ

२. चंचल = च् +अ +ञ् +च् +अ +ल् अ

३.घंटा = घ् +अ +ण् +ट् +आ

४. हिंदी = ह् +इ +न् +द् +ई

५. संबंध = स् +अ +म् +ब् +अ +न् +ध् +अ

***( ङ् ञ् ण् न् म् अनुस्वार रूप में बदल जाते हैं )***

***# वर्ण विच्छेद करते समय सभी व्यंजन वर्णों में हलंत का निशान लगाते हैं।***
***# स्वरों पर हलंत नहीं लगाते हैं ।***

## अभ्यास कार्य

**निम्नलिखित शब्दों के वर्ण विच्छेद करो -**

१. क्षमा =

२. त्रिकोण =

३. ज्ञान =

४. वृद्ध =

५. प्रकाश =

६. धर्म =

७. श्रमिक =

८ . आशीर्वाद =

९. प्रकृति =

१०. खट्टा =

११. पवित्र =

१२. संध्या =

**निम्नलिखित वर्णों को जोड़ कर शब्द बनाएं -**

१ . व् + य् + आ + य् + आ + म् + अ =

२. प् + र् + आ + ण् + ई =

३. क् + ऋ + त् + इ =

४. प् + अ + र् + इ + क् + ष् + अ =

५.औ + र् + अ + त् + अ =

६. म् + ए + ह् + अ +म् +आ +न् +अ =

७. व् +अ +र् +ष् + आ =

८. द् +इ +ल् + ल् +ई =

**खंड - ख**

**निर्देश -- नीचे पाठ्य क्रम में निर्धारित शब्द भंडार के अन्तर्गत कुछ विलोम शब्द , पर्यायवाची शब्द , तथा अनेक शब्दों के लिए एक शब्द दिए गए हैं । आप इन सभी शब्दों को अपनी नोटबुक में लिखें तथा याद करें**

**१ - पाठ्यक्रम में निर्धारित विलोम शब्द**

१) शब्द - विलोम

२) अधिक- न्यून

३) अपना- पराया

४) अनुकूल - प्रतिकूल

५) अमृत - विष

६) अभिमान - निरभिमान

७) अग्रज - अनुज

८) अनुराग - विराग

९) अपव्यय - मितव्यय

१०) अस्ति - नास्ति

११) अनिवार्य - वैकल्पिक

**२- पाठ्यक्रम में निर्धारित पर्यायवाची शब्द**

१) अंबर - आकाश , गगन , नभ

२) अमृत - सुधा , सोम , पीयूष

३) अंचल - गिरि , पर्वत, पहाड़

४) अग्नि - आग , पावक , अनल

५) अरविंद - कमल , नीरज , पंकज

६) अनिल - हवा , समीर , पवन

७) अनुपम - अनोखा , निराला , अभूतपूर्व , अनुपमेय

८) अहंकार - अभिमान , घमंड , दर्प

९) अतिथि - मेहमान , आगंतुक , पाहुना

१०) अश्व - घोड़ा , हय, तुरंग

**३- पाठ्यक्रम में निर्धारित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द -**

१) जो कभी म मरे- अमर

२) जिसका कभी अंत न हो - अनंत

३) जो कभी बूढ़ा न हो - अजर

४) जो ईश्वर की सत्ता में विश्वास रखता हो - आस्तिक

५) जो ईश्वर की सत्ता में विश्वास न रखता हो - नास्तिक

६)जिसका कोई शत्रु न हो - अजातशत्रु

७) जिसका कोई मूल्य आंका न जा सके - अमूल्य

८) जिसके आने की तिथि निश्चित न हो - अतिथि

९) जिसका कोई संरक्षक न हो - अनाथ

१०) जिसका कभी जन्म नहीं होता - अजन्मा

-----------------------------------------------------